हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

11 महापौर ने किया मकेश्वर वार्ड का निरीक्षण, देखी समस्याएं



12 बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राशन-दवाई की पर्याप्त व्यवस्था रखें



## खबर संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा पर होगी महानदी की आरती

**नगरी।** महानदी सेवा संस्थान कर्णेश्वर धाम सिहावा नगरी क्षेत्र के सहसंयोजक पंकज स्वर्णबेर ने बताया कि महानदी सेवा संस्थान कर्णेश्वर धाम की संस्थापक एवं संरक्षक महंत साध्वी प्रज्ञा भारती दीदी मां गुरू पूर्णिमा पर 10 जुलाई गुरुवार को संध्या 4.30 बजे कर्णेश्वर धाम संगम स्थल देउरपारा सिहावा में गुरु पूजन, महानदी की महाआरती तथा पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होंगी।



### कबीर आश्रम पोटियाडीह में गुरु पूर्णिमा 10 को


**आमदी(धमतरी)।** सद्गुरु कबीर आश्रम पोटियाडीह में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया है। इस दौरान गुरु महिमा, सत्संग भजन व चौका आरती होगी। सद्गुरु कबीर आश्रम पोटियाडीह के महंत त्रिलोकी साहेब ने श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

### साईं बाबा मंदिर में मनेगा गुरु पूर्णिमा उत्सव

**धमतरी।** ग्राम कोलियारी के साईं बाबा मंदिर में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई जाएगी। इस दिन सुबह 6 बजे बाबा के मंगल स्नान के बाद कांकड़ आरती होगी। इसके बाद विष्णु सहस्त्रनाम पूजा, सत्यनारायण कथा प्रसादी वितरण एवं साईं भजन संध्या होगी। शाम 7 बजे श्री साईं बाबा की धूप आरती के बाद प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा।

### जिले में अब तक 275 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**धमतरी।** जिले में एक जून से अब तक 275.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अब तक सर्वाधिक औसत वर्षा 343 मि.मी. कुकरेल तहसील और सबसे कम 150.1 मि.मी. औसत वर्षा मगरलोड तहसील में दर्ज की गई है। इसी तरह धमतरी तहसील में 342.9 मि.मी., नगरी तहसील में 323.4 मि.मी., बेलरगांव तहसील में 267.5 मि.मी., कुरूद तहसील में 250.4 मि.मी. और भखारा तहसील में 248.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में आज की औसत वर्षा 41.5 मि.मी. दर्ज की गई है। इसमें धमतरी तहसील में 59 मि.मी., कुरूद तहसील में 58.9 मि.मी., मगरलोड में 26.3 मि.मी., नगरी में 10.6 मि.मी., भखारा में 42 मि.मी., कुकरेल तहसील में 60 मि.मी. और बेलरगांव तहसील में 33.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।



मछली पालन विभाग के पास स्टाफ की कमी, शिकायत पर होती है कार्रवाई

# प्रतिबंध के बाद भी जमकर चल रहा मत्स्याखेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नदी, तालाब, पोखर, जलाशय सहित अन्य प्राकृतिक जलस्त्रोतों में मछली मारने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बाद भी जिले में खुलकर मत्स्याखेट हो रहा है। मछली पालन विभाग के पास इतना बड़ा अमला भी नहीं है कि वह पूरे जिले में नजर रख सके। इसका फायदा उठाकर मछली मारने का काम किया जा रहा है।

मछलियों की वंशवृद्धि के उद्देश्य से मछली पालन विभाग ने दो माह के लिए मछलियों के मारने पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध मछलियों के ब्रीडिंग टाइम को ध्यान में रखकर लागू किया गया है। यह प्रतिबंध 15 जून से 15 अगस्त तक है। इसके बावजूद जिले में मछली मारने का सिलसिला जारी है। गंगरेल, रूद्री सहित अन्य बांधों में फिशिंग स्टीक लेकर कई लोग मत्स्याखेट करते नजर आए। वहीं दूरस्थ क्षेत्रों में तो बकायदा जाल के माध्यम से मछली मारने का काम चल रहा है। नालों में तो ग्रामीण खुले हाथ से मछली पकड़ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ज्यादा बारिश के चलते मछलियां नदी नालों में आ रही हैं, जिसका लाभ मत्स्याखेट करने वाले उठा रहे हैं।

### इन जलस्त्रोतों पर प्रतिबंध

प्रतिबंध लगाने का मुख्य उद्देश्य मछलियों की संख्या बढ़ानी है। ब्रीडिंग टाइम में मछलियों को मारने से इनकी संख्या कम हो जाती है। मछली पालन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 15 जून से 15 अगस्त तक मछलियों का ब्रीडिंग टाइम होता है। इस समय मछलियां प्रजनन के लिए गहरे स्थान से उथले जल में आती हैं। बारिश के चलते नदी, नालों में भी इनकी संख्या बढ़ जाती है। जिसके चलते डायरेक्ट नदी व नालों से जुड़े जलस्त्रोतों पर मछली मारने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। निजी तालाब या नदी नालों से दूर स्थित जलस्त्रोतों पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाता है।



### दस हजार जुर्माना का प्रावधान

प्रतिबंधित समय में प्रतिबंधित जलस्त्रोतों में मत्स्याखेट करने पर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की जा सकती है। मिली जानकारी के अनुसार जाल, नाव जब्ती के साथ उस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है। विडंबना यह है कि मछली पालन विभाग के पास इस प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करने के लिए टीम ही नहीं है। पूरे जिले में 8 इंस्पेक्टर के पद स्वीकृत हैं, जिसके विरूद्ध मात्र 1 इंस्पेक्टर कार्यरत हैं। उपसंचालक मछली पालन ने बताया कि प्रतिबंधित समय में मत्स्याखेट पर नजर रखी जा रही है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई भी की जा रही है।

### सज रहा मछली का बाजार

सावन माह में अधिकांश लोग मांस, मदिरा का सेवन बंद कर देते हैं। सावन माह शुरू होने में कुछ ही दिन शेष है। एक माह तक मांस, मदिरा का सेवन बंद रखने के लिए लोग एक माह का कोटा अभी से पूरा करने में लगे हैं। ऐसे में मछली, चिकन, मटन सहित अन्य मांसाहार की डिमांड बढ़ गई है। मत्स्याखेट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इतवारी बाजार, गोलबाजारी, रामबाग, कोलियारी, सोरिद सहित शहर के अन्य मछली मार्केट में भरपूर मात्रा में मछलियां पहुंच रही हैं।

# आनलाइन सट्टा के चक्कर में युवक ने जान दी

- खिड़कीटोला के जंगल में बेहोश मिला था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आनलाइन सट्टा में हजारों रूपये हार जाने के कारण युवक ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली।

वर्तमान में आज का यूथ आनलाइन सट्टा, जुआ व नशे की गिरफ्त में आ रहा है। यह लत अब जानलेवा साबित हो जा रही है। शहर का एक युवक आनलाइन सट्टा के चक्कर में अपनी जान गंवा दी है। स्थानीय एकता नगर कॉलोनी आमातालाब निवासी वैभव साहू पिता संजय उम्र 21 वर्ष सोमवार की रात्रि गंगरेल के खिड़कीटोला के जंगल में बेहोश पड़ा था जिसे देख ग्रामीणों ने इसकी जानकारी तत्काल रूद्री थाना को दी। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम तत्काल खिड़कीटोला के जंगल पहुंची। युवक को बेहोशी की हालत में उपचार के लिए पेट्रोलिंग वाहन से भटगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे धमतरी ले जाने की सलाह दी। युवक को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान कुछ देर बाद रात्रि में ही युवक की मौत हो गई। अस्पताल द्वारा जहर सेवन सल्फास का मेमो जारी करने पर चौकी पुलिस ने मंगलवार को पंचनामा की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



### सट्टा में हजारों रुपए हार गया था

मृतक के पिता संजय साहू ने अस्पताल चौकी पुलिस को दिए बयान में कहा कि वह अर्जुन्दा सोसाइटी में क्षेत्र सहायक के पद पर पदस्थ हैं। उसका पुत्र वैभव साहू बीकाम फाइनल ईयर का छात्र था। पढ़ाई के साथ-साथ रूद्री रोड स्थित सोनकर प्लाजा के जिम में वीडियोग्राफी का काम करता था। सोमवार को वह ड्यूटी करने अर्जुन्दा चला गया। रात्रि 10.15 बजे बेटी लक्ष्मी साहू ने फोन कर बताया कि वैभव नहीं दिख रहा है। रात्रि 10.30 बजे राहुल ने वैभव का अस्पताल में इलाज चलने की जानकारी दी। राहुल के वाहन में बैठकर रात्रि में ही श्रीराम अस्पताल धमतरी पहुंचा तब तक वैभव की मौत हो चुकी थी। वैभव सोने का चेन पहनता था। उसके पर्स में चेन को 35 हजार रूपये में ज्वेलर्स के यहां गिरवी रखने की पर्ची मिली है। पिता ने बयान में बताया कि उसके दोस्तों से पता चला है कि उसका पुत्र वैभव आनलाइन सट्टा में हार गया था।

## समितियों को शून्य शॉर्टेज की प्रोत्साहन राशि मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गत वर्ष धान खरीदी वर्ष 23-24 में शून्य शार्टेज आने वाली धान खरीदी समितियों को लगभग 2 करोड़ 90 लाख रुपये की प्रोत्साहन की राशि दी जायेगी। नरेंद्र कुमार साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने बताया कि पूरे प्रदेश में 51 करोड़ 32 लाख रुपये छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शून्य शॉर्टेज प्रोत्साहन की राशि देने का आदेश जारी करने से जिले सहित पूरे प्रदेश की सहकारी समितियों एवं कर्मचारियों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। इससे कर्मचारियों में खुशी की लहर फैल गई है। श्री साहू ने इसके लिए छग शासन का आभार जताया है।

# बंदर भगाते छत से गिरा युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत पर चढ़कर बंदरों को भगाने के दौरान एक युवक अचानक नीचे गिरकर घायल हो गया। घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम कौहाबाहरा निवासी टिकेश कुमार जुर्री पिता बहादुर सिंह उम्र 45 वर्ष मजदूरी का काम करता था। सोमवार को गांव में स्थित भुवन मरकाम के 5-6 साल से बंद पड़े मकान में बंदर पहुंचा था। युवक सूने मकान की छत पर चढ़कर बंदरों को भगा रहा था। इसी दौरान बंदर भगाते समय युवक छत से जमीन पर गिर गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को उपचार के लिए नगरी अस्पताल ले गए। जहां से रिफर होने पर घायल को जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



- कौहाबाहरा की घटना

# अब कुरुद में दौड़ेगा नपं का उड़नदस्ता पायलेटिंग वाहन

- नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर एवं एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

जब नेतृत्वकर्ता दृढ़ संकल्पित हो तो बदलाव केवल एक सपना नहीं बल्कि धरातल पर संभव दिखाई पड़ जाता है। इसी दृढ़ संकल्प के चलते अब कुरुद नगर में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों को रोकने और जनता को सुरक्षा प्रदान करने अब नगर एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयास से नगर पंचायत में उड़नदस्ता पायलेटिंग वाहन दौड़ेगा। वाहन को नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर एवं एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

गौरतलब है कि नगर पंचायत कुरुद को नशा एवं अपराधमुक्त बनाने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर की अगुवाई वाली परिषद शपथ ग्रहण के दिन से ही पुलिस प्रशासन की एसडीओपी श्रीमती मिश्रा के साथ मिलकर कदम से कदम मिला रही है। इसी कड़ी में इस अभियान को और तेज करते हुए मंगलवार को नगर एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त पहल पर उड़नदस्ता वाहन जिसे 'फ्लाइंग स्क्वाड' भी कहा जाता है, की शुरुआत की गई। यह वाहन अपराधों को रोकने और अपराधियों को पकड़ने में मदद करेगा। सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अशांति को रोकने में मदद करेगा।

उड़नदस्ता पायलेंटिग वाहन का शुभारंभ करते हुए नगर अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में जागरूकता अभियान, ट्रैफिक व्यवस्था, तेज रफ़्तार वाहनों की निगरानी, अतिक्रमणकारियों की निगरानी, सार्वजनिक स्थलों में नशाबंदी के लिए सावधान एवं कार्यवाही करने प्रशासन द्वारा आगामी 3 माह तक पायलेटिंग वाहन चलाया जायेगा जिसमें पुलिस एवं नगर पंचायत का दल सुबह से लेकर रात तक सर्चिंग करेगा। एसडीओपी श्रीमती मिश्रा ने कहा कि पहली बार किसी नगर पंचायत द्वारा उड़नदस्ता वाहन चलाया जा रहा है जिसका उपयोग कर पुलिस और नगर प्रशासन अधिक प्रभावी ढंग से काम कर जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, सभापतिगण मिथलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, पार्षदगण मनीष साहू, मंजु साहू, रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, सीएमओ महेंद्रराज गुप्ता, टीआई राजेश जगत सहित नगर पंचायत के कर्मचारी व पुलिस स्टाफ मौजूद थे।

# अस्पताल, प्रार्थना स्थल पर हुए हमले के विरोध में मूल निवासी संघ की रैली निकली

- गांधी मैदान में सभा के बाद एसडीएम को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विगत दिनों मसीही अस्पताल एवं अन्य प्रार्थना सभा में हुए हमले के विरोध में मूलनिवासी संघ के बैनरतले रैली निकली। रैली में ईसाई, मुस्लिम, बौद्ध, एसटी, एससी, ओबीसी वर्ग के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

मंगलवार को मूलनिवासी संघ की रैली सिविल लाइन स्थित केजी बिल्डिंग से निकली। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंची। यहां सभा का आयोजन हुआ। सभा को संघ के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत पटेल, डायमंड फिलप्स, अफजल अली, आशीष रात्रे, आरपी संभाकर, पालनहार मेश्राम ने संबोधित किया। सभा के बाद राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि मसीही समाज पर लगातार हमले हो रहे हैं। 8 जून को बोरसी, 15 जून को गोपालपुरी, 27 जून को मसीही अस्पताल, 29 जून को एलोहिम प्रार्थना समिति स्थल धमतरी में मारपीट व गाली- गलौज की गई। असामाजिक तत्व के लोग शहर की शांति को भंग करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाए। आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने पर 8 अगस्त को मूलनिवासी संघ जिला धमतरी द्वारा आंदोलन किया जाएगा।







ग्यारह दिन पश्चात जनकपुरी से लौटे भगवान, भक्तों को तीन क्विंटल गजामूंग का प्रसाद बांटा गया

# महाप्रभु जगन्नाथ भाई-बहन के साथ रथ पर सवार होकर मंदिर लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मंगलवार को महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा अपने ननिहाल से निवास स्थल श्री जगदीश मंदिर लौट आये। 27 जून को रथयात्रा महोत्सव शहर में धूमधाम से मनाया गया। मठमंदिर चौक स्थित श्री जगदीश मंदिर से रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई और बहन के साथ गौशाला जनकपुर गए थे। जहां 11 दिनों के विश्राम के पश्चात उनकी वापसी हर्षोल्लास के साथ हुई।

दोपहर करीब 2 बजे जगन्नाथ मंदिर के पुजारी, ट्रस्टियों सहित अनेक भक्तों की उपस्थिति गौशाला जनकपुरी में हो गई थी। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा को विधि विधानपूर्वक रथ पर विराजित किया गया। बाजे-गाजे और जय जगन्नाथ के जयकारे के साथ रथयात्रा जगदीश मंदिर के लिए निकल पड़ी। रथयात्रा रामबाग, गणेश चौक, चमेली चौक, मठमंदिर चौक, गोलबाजार, घड़ी चौक, सिहावा चौक से होते हुए वापस जगन्नाथ मंदिर पहुंची। यहां विधिपूर्वक पुनः प्राण प्रतिष्ठा कर पूजन किया गया। रथयात्रा वापसी के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान करीब तीन क्विंटल गजामूंग का प्रसाद बांटा गया।

रथयात्रा की वापसी के अवसर पर मंदिर के पुजारी बालकृष्ण शर्मा, जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरणकुमार गांधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, सहसचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, ट्रस्टीगण श्यामसुंदर अग्रवाल, डा. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, डा. हीरा महावर, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, सीए अजय अग्रवाल, बिपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाठ, भरत सोनी, अनिल मित्तल, गौरव शर्मा, विशेष आमंत्रित सदस्य विनोद अग्रवाल, ▶▶ शेष पेज 11 पर



पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### कन्याओं के शिक्षा मंदिर में चोरों का धावा प्रोजेक्टर व खेल सामग्री को किया पार

**कांकेर।** शहर के मध्य में स्थित शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा में बीती रात को अज्ञात चोरों ने धावा बोला और स्कूल में रखे मंहगे सामानों के साथ खेल सामग्री की चोरी करके नौ दो ग्यारह हो गए। प्राचार्य की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे साकेत नगर गोविंदपुर निवासी 59 वर्षीय प्रतुल कुमार विश्वास पिता स्व. विजय कुमार विश्वास ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में शासकीय कन्या हाईस्कूल मांझापारा कांकेर में प्राचार्य के पद पर पदस्थ हूं। प्रतिदिन की तरह 7 जुलाई को स्कूल गया, स्कूल का सभी सामान ठीक था। अगले दिन 8 जुलाई की सुबह 10 बजें स्कूल आया, तो देखा कि स्कूल में रखे शासकीय सामान सूक्ष्मदर्शी यंत्र, 2 नग बैटरी, 3 नग क्रिकेट बैट, 2 पैकेट क्रिकेट बाल, 20 नग स्मृति चिन्ह का उपरी हिस्सा, प्रोजेक्टर कैमरा नहीं था, कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर लिया। चोरी हुए समानों की अनुमानित कीमत 65 हजार 500 रुपए है। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 7 से 8 जुलाई की दरम्यानि रात को चोरी किया गया है। प्राचार्य ने बताया कि विगत चार दिनों से मैन गेट के पास से स्कूल अंदर घुसकर सामान को प्रतिदिन अस्त व्यस्त किया जा रहा था, इसकी भी जानकारी कांकेर पुलिस को दिया गया था, परंतु इन चार दिनों में एक भी टीम देखने के लिए नहीं पहुँचा। चोरी हो जाने के बाद 8 जुलाई को शिकायत किया, जिस पर अपराध दर्ज किया गया है। शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा के प्राचार्य की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 (ई) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### सुब्रतो कप फुटबॉल और नेहरू हॉकी से शालेय जिला चयन स्पर्धा का शुभारंभ

**कांकेर।** जिला स्तरीय सुब्रतो का फुटबॉल 15, 17 वर्ष बालक एवं 15 वर्ष बालिका का चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल, डीएमसी रवि प्रकाश मिश्रा, एडीपीओ वैभव मेश्राम, जिला खेल अधिकारी आबिद खान के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर किया गया। पहला मैच पीएम श्री नरहरदेव स्कूल विरुद्ध सेजस सरोना स्कूल के मध्य खेला गया, जिसमें सेजस सरोनास्कूल 3-1 एक से विजयी रही। दूसरा मैच सेजस नरहरपुर विरुद्ध सेजस सरोना के मध्य मैच खेला गया, जिसमें सेजस सरोना स्कूल विजयी रही। नेहरू हॉकी बालक 15 वर्ष में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरौद( चारामा)एवं बालिका 17 वर्ष में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदेली(चारामा) की टीम का चयन संभाग स्तरीय के लिए हुआ। निर्णायक गण में डॉ. मंजू शर्मा परवीन सिद्दीकी दिनेश ठाकुर, भूषण शर्मा मुस्तकीम अंसारी, नीरज वट्टी, मनीष सिन्हा, गौतम सिन्हा एवं कल्यूस लकड़ा रहे।

### अवैध घुसपैठी बांग्लादेशियों की पहचान को लेकर हलचल तेज

**पखांजुर।** कोयलीबेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में अवैध रूप से निवासरत बंग्लादेशी नागरिकों की पहचान के लिए एक बड़ा अभियान शुरू हो गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी थाना प्रभारियों द्वारा ग्राम पंचायतों को नोटिस जारी कर अवैध बांग्लादेशियों की विस्तृत जानकारी मांगी जा रही है। जानकारी के अनुसार विशेष रूप से परलकोट क्षेत्र जहां बड़ी संख्या में बांग्लादेशी समुदाय के लोग निवास करते हैं। पुलिस प्रशासन उन सभी बांग्लादेशी नागरिकों का पूरा नाम, पता और उनके निवास की अवधि से संबंधित जानकारी जुटा रहा है, जो अवैध रूप से यहां विस्थापित हुए हैं या बाद में आकर बस गए हैं। इस जानकारी को एकत्रित कर उच्च अधिकारियों को आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। कुछ दिन पहले बांदे थाना क्षेत्र में 109 लोगों की जानकारी मांगी गई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के मन में दहशत का माहौल है। कई लोग अपनी पहचान साबित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा कराने के लिए थानों में पहुंच रहे हैं।

जनपद अध्यक्ष ने बांटे 16 गांव की लखपति दीदियों को अरहर-बीज के मिनीकिट

# ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना सरकार का उद्देश्य : गीतेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



कृषि विभाग की पहल पर कुरुद विकासखंड अंतर्गत आने वाले भखारा तहसील के ग्राम पंचायत सिलौटी में बिहान समूह से जुड़ी 16 गांव के सक्रिय महिला स्वसहायता समूह की लखपति दीदियों को जनपद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी हेमंत साहू के मुख्य आतिथ्य में अरहर बीज का मिनीकिट वितरित किया गया।

मंगलवार को ग्राम पंचायत भवन सिलौटी में सेमरा, खपरी, जोरातराई, कोर्रा, चरोटा, लोहारपथरा, गातापार, भेंडरा, जुगदेही, सौरबांधा, तर्रागोंदी, टिपानी, हंचलपुर, इर्रा, बोरझरा एवं सिलौटी के स्वसहायता समूहों से जुड़ी लखपति दीदियों को शासन राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण मिशन की दलहन योजना के तहत अरहर बीज का मिनीकिट वितरित किया गया। इससे पहले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पुरुषोत्तम सिन्हा ने कृषि विभाग द्वारा संचालित बीज ग्राम योजना अतंर्गत अरहर मिनीकिट व वर्तमान में जिले में संचालित नेशनल मिशन की औषधि एवं सुगंधित पौधों की खेती, नारियल एवं बांस की खेती की भी जानकारी दी।

सरपंच अनिल राव शिंदे ने कहा कि किसानों की आर्थिक प्रगति के लिए सरकार अनेक योजनाएं संचालित कर रही है जिसका हमें जागरूक होकर लाभ उठाना चाहिए।

इस अवसर पर सक्रिय महिला श्रीमती रूक्मणि साहू, रेणुका राव, हेमिन मारकण्डे, इन्द्राणी साहू, विनीता साहू, परमिला, राजकुमारी, बसंती साहू, धनेश्वरी साहू समेत 16 ग्राम की लखपति दीदियों के अलावा जुगदेही, कोर्रा एवं गातापार के आरईओ उपस्थित थे।

#### जागरूक होकर उठाएं शासन की योजनाओं का लाभ

इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए बताया कि लखपति दीदियों को अरहर बीज का मिनीकिट दिया गया है, जिसका उद्देश्य उनकी आय बढ़ाना है। इस पहल के तहत स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों को उच्च उपज देने वाली अरहर किस्मों के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे वे अपनी कृषि गतिविधियों को बेहतर बना सकें और अपनी आय में वृद्धि कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। यह पहल न केवल कृषि क्षेत्र में, बल्कि अन्य क्षेत्र में भी महिलाओं के लिए आजीविका के अवसर पैदा करने पर केंद्रित है। लखपति दीदी पहल के तहत महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, कौशल विकास और आजीविका सहायता भी प्रदान की जाती है।

## पांच स्कूल की छात्राओं ने सीखी आत्मरक्षा की कला



■ बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत जिले में किशोरी बालिकाओं को बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम धमतरी में आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस विभाग से समन्वय करके महिला ट्रेनर द्वारा जिले के चयनित 5 स्कूल नत्थूजी जगताप उच्चतर माध्यमिक शाला, ज्ञान अमृत उच्चतर माध्यमिक शाला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गोकुलपुर, सरस्वती शिशु मंदिर आमातालाब रोड धमतरी, सेंट मेरी सीनियर सेकण्डरी स्कूल एवं धमतरी की किशोरी बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया।

5 जुलाई को प्रशिक्षण के समापन दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति श्रीमती विभा चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। कार्यक्रम में एक पेड़ बेटी के नाम थीम के तहत पौधरोपण भी हुआ। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ भी दिलवाई गई।

साथ ही गुड टच, बैड टच, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 181, साइबर अपराध, मासिक धर्म स्वच्छता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण केन्द्र से श्रीमती बिन्देश्वरी साहू जिला समन्वयक, सखी वन स्टॉप सेंटर से श्रीमती उषा ठाकुर केन्द्र प्रशासक, श्रीमती प्रियंका गंजीर जेंडर विशेषज्ञ, संजय देवांगन वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, श्रीमती अंजलि साहू मल्टी टास्क, शिक्षक युगल समेत अन्य उपस्थित थे।

## भखारा में स्टेट बैंक का नया एटीएम प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा

नगर पंचायत भखारा में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का नया एटीएम सोमवार से शुरू हो गया। डॉ हरदेल ने बताया कि अब एटीएम से पैसा निकालने के लिए शहर के आउटर में नहीं जाना पड़ेगा। यहां सुरक्षा के लिए आधुनिक यंत्र लगाया गया है। एटीएम से पैसा निकालने के बाद बैलेंस की जानकारी लेने पर स्क्रीन पर ही तुरंत बैलेंस दिख जाएगा। स्टेटमेंट निकालने की भी सुविधा है। सभी की अत्याधुनिक सुविधा 24 घंटे रहेगी।

## भखारा कालेज के छात्रों ने सीयूईटी की परीक्षा में किया बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा के विद्यार्थियों ने सीयूईटी पीजी प्रवेश परीक्षा तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एमएससी प्रवेश परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। प्राचार्य डॉ. मंजु झा के नेतृत्व में यह सफलता मिली है। साक्षी साहू ने आईआईटी दिल्ली द्वारा आयोजित जैम की परीक्षा रसायन शास्त्र विषय में सफलता प्राप्त की। गुंजा और तेजस्वी ने सीयूईटी की परीक्षा रसायन विज्ञान में उत्तीर्ण कर गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में प्रवेश प्राप्त किया। लोकेश चंद्रकांत भी इस परीक्षा में सफल रहे।

#### महाविद्यालय में चलाए जा रहे इंस्पायर कार्यक्रम से मिला लाभ

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एमएससी प्रवेश परीक्षा 2025 में रसायन शास्त्र विषय में महाविद्यालय के होनहार छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें भामाशाह, भूमिका व वर्षा ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष के हरविंदर सिंह कुर्रे ने बताया कि महाविद्यालय में चलाए जा रहे इंस्पायर कार्यक्रम अंतर्गत छात्रों को विभिन्न परीक्षा के लिए विशेष कक्षाएं लगातार आयोजित की जाती हैं। इस कार्यक्रम का लाभ उठाकर प्रतिवर्ष बहुत से छात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय व आईआईटी जैसे संस्थान में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. मंजु झा, डॉ. संजय शर्मा, डॉ.एलआर डोंगरे, आनंद सोनी, डॉ. कविता वैष्णव, दिनेश नाग, डॉ. एआर निचत, श्रीमती शकुंतला कोसरिया, जानेंद्र बंजारे, लोकेंद्र सुधाकर व श्रीमती अनुनय टोप्पो ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पढ़ाई के साथ बच्चे खेल में भी रुचि लें



हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

ग्राम अर्जुनी में नवदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षा से ही समाज में जागरूकता आती है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक हर्षद मेहता, सरपंच इंदु मोहित ध्रुव एवं संकुल प्राचार्य देवनाथ साहू थे। पूर्व विधायक श्री मेहता ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार अत्यंत आवश्यक है। बच्चे पढ़ाई के साथ खेल में भी रुचि लें। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम में विशेष तौर पर नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष ज्योति साहू उपस्थित थीं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सरपंच प्रतिनिधि मोहित ध्रुव, दीपमाला साहू ने भी अपने विचार रखे। मौके पर पूर्व सरपंच फूलसिंह साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज साहू, हेमंतमाला साहू, साहू समाज अध्यक्ष ज्ञानेश्वर साहू, रामावतार शर्मा, भारतलाल साहू, मधु साहू, ईश्वरी साहू, अंजलि साहू, पारसमणि साहू, राधेश्याम साहू, लोकेंद्र, भूपेंद्र समेत अन्य उपस्थित थे।

## बोरझरा में हिंदू जागरण मंच ने ग्रामीण प्रमुखों से सनातन धर्म पर किया संवाद

■ सनातन धर्म की रक्षा के लिए युवाओं को भरत, लक्ष्मण की भांति त्याग और सेवा करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम बोरझरा(भखारा) में हिन्दू जागरण मंच ने ग्रामीण प्रमुखों से सनातन धर्म पर संवाद किया। जिला संयोजक पुरूषोतम निषाद ने कहा कि हिन्दू समाज की सुरक्षा के लिए श्रीराम के अनुज भरत ,लक्ष्मण की भांति त्याग और सेवा की भाव रखकर आज की युवा पीढ़ी को आगे आना होगा। जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू, प्रतीक सोनी, जिला युवा आयाम, सत्यम सिन्हा, प्रचार प्रमुख तुषार साहू ने कहा कि जिले के गांवों में आज भी असामाजिक गतिविधियां चरम पर है। युवा साथियों को हिन्दू जागरण के साथ मिलकर धर्म के लिए आगे आना चाहिए। प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, प्रवीण साहू ने कहा कि हिन्दू जागरण मंच का प्रमुख उद्देश्य समाज के प्रत्येक युवा को सनातन संस्कृति से जोड़ना है।

बोरझरा में हिन्दू जागरण मंच का गठन किया गया। दुलेश्वर साहू संयोजक, सहसंयोजक डाकेश साहू, नवीन साहू, मार्गदर्शक मोहन लाल साहू, डोमार सिंह, गौकरण साहू, डॉ गिरवर साहू, रामगुलाल पटेल, शेषनारायण साहू, बालेश्वर साहू, टम्मन साहू उपसरपंच, महेश महेश यादव, बिहारीलाल साहू, हुबलाल साहू, निर्मल साहू, सरपंच श्रीमती हाबेश्वरी साहू, श्रीमती नंदनी गजपाल बनाए गए।

### सांकरा मंडी प्रांगण में हुआ पौधारोपण

**नगरी।** ग्राम सांकरा के धान खरीदी केंद्र में जपं नगरी सीईओ रोहित बोर्झा के मुख्य आतिथ्य में एक पेड़ मां के नाम के तहत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सांकरा के तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। मौके पर जनपद सदस्य राजेश गोसाईं, सरपंच सांकरा नागेन्द्र बोरझा, सांकरा मंडी अध्यक्ष गिरवर भंडारी, पूर्व जनपद सदस्य सुलोचना साहू, पूर्व सरपंच सती मरकाम, सांकरा सोसाइटी प्रबंधक जीवन लाल साहू, पूर्व मंडी सदस्य सुगंधचंद साहू, राजू पटेल, सोहन पटेल, खुशीराम साहू सहित सोसाइटी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अशासकीय विद्यालय संचालक संघ का पौधारोपण अभियान 10 से

■ 5 लाख से अधिक विद्यार्थी पीपल के पौधे लगायेंगे, कुल 11,11,111 पौधे लगाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ द्वारा ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से निपटने व्यापक अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इसका शुभारंभ 12 जून को रायपुर में आयोजित वृहद् कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया था। इसकी शुरुआत 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा से हो रही है।

प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी ने बताया कि अभियान के प्रारंभिक चरण की शुरुआत 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा से होगी जो 5 सितम्बर शिक्षक दिवस तक चलेगी। इस अवधि में हमारी संस्था से जुड़े लगभग 2000 विद्यालयों के 5 लाख से अधिक विद्यार्थी पीपल के पौधे लगायेंगे। कुल 11,11,111 पीपल पेड़ लगाने का लक्ष्य है जिसमें प्रथम वर्ष 5 लाख से अधिक पीपल पेड़ लगाये जा रहे हैं। कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए पोर्टल तैयार किया गया है जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी का पंजीयन हो रहा है। विद्यार्थी प्रत्येक तीन माह में उस पौधे की प्रगति की फोटो खींचकर पोर्टल में अपलोड करेगा। कक्षा शिक्षक सम्पूर्ण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करेंगे। विद्यालयों ने यह तय किया है कि इसे प्रोजेक्ट के रूप में बच्चों को दिया जाय तथा सही कार्य करने वाले बच्चे को 10 अंक बोनस के रूप में प्रदान किया जाय।

## सेवानिवृति पर संबलपुर स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर के प्रभारी प्राचार्य शैलेंद्र तरार की सेवा अवधि पूर्ण होने पर विद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। श्री तरार को शाल, श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समारोह में प्राचार्य हरमीत कौर खालसा ने उनके शिक्षकीय जीवन की उपलब्धियों का वर्णन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से किया। शैलेंद्र तरार की प्रथम नियुक्ति 5 जनवरी 1987 को उच्च श्रेणी शिक्षक के रूप में शासकीय माध्यमिक शाला अर्जुनी (धमतरी) में हुई थी। 30 जून 2006 को व्याख्याता के रूप में नियुक्ति बोहरा स्कूल जिला बालोद में हुई। उसके बाद स्थानांतरण होकर 2009 को शाउमावि संबलपुर में आए और गणित जैसे कठिन विषय को बड़ी सरलता से विद्यार्थियों को समझाया। श्री शैलेन्द्र तरार ने बताया कि संबलपुर में 16 वर्ष की सेवा में मैंने शिक्षकों, पालकों और बच्चों के बीच में अपनापन महसूस किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बालकुमार क्षत्रिय, सांसद प्रतिनिधि आनंद स्वरूप मेश्राम, पूर्व सरपंच राजेश चंद्राकर, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक मनिहार, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक झमित मेश्राम समेत अन्य मौजूद रहे। मंच संचालन शशिप्रभा चन्द्राकर, सुनीता वाधवानी ने किया।

इस आयोजन में प्रमोद शार्दुल, कुसुम साहू, एन जाधव, आरएस साहू, श्वेता देशमुख, ओंकार पटेल, सोमा साहू, कुशल देवांगन, कविता चन्द्राकर, मसीह मैडम, योगेश्वर वर्मा, ममता यादव, कामिनी गौतम, कुमारी सहारे, गयाराम साहू, रूपा साहू का योगदान रहा।

प्रभारी प्राचार्य ने कहा : डीईओ के आदेश का पालन कर रहा हूं

# भुसरेंगा स्कूल से टीसी निकलवाने पर अड़े पालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद




कुरुद ब्लाक के शासकीय हाईस्कूल भुसरेंगा में कुछ पालक अपने बच्चों को न पढ़ाकर अन्यत्र स्कूलों में दाखिल कराना चाहते हैं लेकिन वहां के प्राचार्य किसी भी बच्चों का टीसी जारी नहीं करने पर अड़े हुए हैं। उनका साफ कहना है कि मैं डीईओ के आदेश का पालन कर रहा हूं। जब तक वहां से मुझे दिशा-निर्देश नही मिलता, मैं नहीं दे सकता।

दरअसल शासकीय माध्यमिक शाला चोरभट्टी द्वारा आठवीं उत्तीर्ण सभी छात्र छात्राओं का स्थानांतरण प्रमाण पत्र अपनी पोषक शाला शासकीय हाईस्कूल भुसरेंगा में शासन के आदेशानुसार उक्त शाला में जमा कर दिया गया है। कुछ पालक वहां अपने बच्चों को नहीं पढ़ाना चाहते। अपने बच्चों की टीसी मांग कर रहे पालकगण बीरेंद्र साहू, यादराम साहू, शेषनारायण, चंपालाल पाल, मिलाप, राकेश, गणेश, डोमन का कहना है कि हाईस्कूल भुसरेगा में शिक्षक स्टाफ में सामंजस्य की कमी है। कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम असंतोष प्रद है। विद्यालय परिसर में अनुशासन की कमी है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम-2019 के तहत पालक अपने बच्चे को बेहतर शिक्षा हेतु कहीं भी पढ़ाने स्वतंत्र हैं। उन्होंने डीईओ से अपने बच्चों की टीसी देने की मांग की है।

वहीं पालकों द्वारा स्कूल की गतिविधियों के संबंध में जो असंतोष प्रकट किया गया उसे सिरे से खारिज करते हुए प्रभारी प्राचार्य यदुनंदन साहू ने कहा कि मैं डीईओ के अधीन हूं और उनके मार्गदर्शन में ही काम कर रहा हूं। पालक अगर डीईओ से लिखित में आदेश ले आते हैं तो मैं उन्हें उनके बच्चों की टीसी दे दूंगा।

## राष्ट्रीय सेविका समिति ने मनाया संकल्प दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय सेविका समिति हिंदू संस्कृति के आदर्शों पर चलने वाली विश्व की सबसे बड़ी महिला संगठन है। समिति का उद्देश्य है कि युवतियां और मातृशक्तियां शाखा के माध्यम से संस्कारित बनें।

यही राष्ट्रीय सेविका समिति का प्रयास है। महिलाओं का सर्वोपरि विकास हो। इसी क्रम में शाखा में संचालिका लक्ष्मीबाई केलकर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में संकल्प दिवस मनाया गया। सेविकाओं ने दो संकल्प लिए व फूलदार पौधे भी लगाए।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 3785 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**कांकेर।** जिले में 1 जून से अब तक कुल 3785.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा बांदे तहसील में 484.8 मिलीमीटर तथा सबसे कम कोयलीबेड़ा तहसील में 142.5 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। कांकेर तहसील में 199 मिलीमीटर, भानुप्रतापपुर तहसील में 384.6 मिलीमीटर, दुर्गूकोंदल में 464.8 मिलीमीटर, चारामा.में 351.9 मिमी., अंतागढ़ में 419.1, पखांजुर में 333.4, नरहरपुर में 298.8, सरोना में 271.4 मिलीमीटर और आमाबेड़ा में 434.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में चारामा तहसील में सबसे अधिक 57.9 मिलीमीटर और कोयलीबेड़ा तहसील में सबसे कम 10.6 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

### बाबुदबेना में एक दिवसीय रक्तदान शिविर 11 को

**धनेलीकन्हार।** कांकेर ब्लाक अन्तर्गत ग्राम बाबुदबेना में एक दिवसीय रक्तदान व स्वास्थ शिविर का आयोजन ग्राम के ज्योती नवयुवक मंडल के द्वारा ग्राम के रंगमंच शैड में 11 जुलाई को आयोजित है। इस शिविर को लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र धनेलीकन्हार के खंड चिकित्सा अधिकारी डां. शशांक गुप्ता ने अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यू टी लगाई है, जिसमें एमओ डा. भूमिका नाग, एमएलटी लिकेश्वर यदु, सेक्टर सुपर वाइजर विकास ठाकुर, सीएचओ पुजा साहू, भवानी ठाकुर, सुरेखा मंडावी, आरएचओ रीतुराज प्रधान, लखन लाल मरकाम, सुलोचना मेश्राम शामिल हैं। इस स्वास्थ शिविर में बीपी, शुगर जांच व दवाई वितरण किया जायेगा।

## जनता की समस्याओं का समाधान ही हमारी प्राथमिकता : रामू

# महापौर ने किया मकेश्वर वार्ड का निरीक्षण, देखी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने मकेश्वर वार्ड का सघन निरीक्षण किया। वार्ड पार्षद श्रीमती आशा लोधी के आग्रह पर पहुंचे महापौर ने क्षेत्र की समस्याओं को नजदीक से देखा और स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया। निरीक्षण के दौरान जल निकासी, नाला सफाई, सड़क मरम्मत और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कई समस्याएं उनके समक्ष रखी गईं।

महापौर श्री रोहरा ने जनता की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए निगम अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने बाकरा नाला से मकई तालाब तक जाम पड़ी नालियों की तत्काल सफाई करने के निर्देश दिए, ताकि तालाब में निर्बाध जलभराव सुनिश्चित हो सके और आसपास के क्षेत्र में जलजमाव तथा दुर्गंध की समस्या का समाधान हो सके।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही हमारी प्राथमिकता है। हर वार्ड में बुनियादी सुविधाएं बेहतर हों, इसके लिए निगम प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर पार्षद आशा लोधी, नंदू लोधी, मनोज यादव, जितेन्द्र साहू, इंदर टंडन, सूरज पटेल, कुणाल यादव, मनोज विश्वकर्मा, प्रकाश लहरे, अनूप लोधी, देवराज पटेल, गोविंद मानिकपुरी समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## मूसलाधार बारिश से खेत खलिहान लबालब





**अंवरी।** दो दिन से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से अंचल तरबतर हो गया है। कई गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई। मूसलाधार बारिश से जोरातराई (अं) का नाला उफान पर आ गया है। यहां आस-पास के कई एकड़ खेत डूब गए हैं जिससे किसानों को काफ़ी नुकसान हुआ है।

## सभी विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से पूर्ण होंगे : महापौर





■ नगर निगम के लोक निर्माण विभाग की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पालिका निगम के लोक निर्माण विभाग (पीडब्यूडी) की विभागीय बैठक निगम सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महापौर रामू रोहरा ने की।

इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी के सभापति विजय मोटवानी, पुनर्वास एवं नियोजन विभाग के नरेन्द्र रोहरा, जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर, पार्षद हेमन्त बंजारे विशेष रूप से उपस्थित थे। महापौर रामू रोहरा ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए, ताकि शहरवासियों को शीघ्र लाभ मिल सके। महापौर ने अधिकारियों को फील्ड का निरीक्षण नियमित रूप से करने, निर्माण कार्यों की प्रगति पर निगरानी बनाए रखने और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहने के निर्देश भी दिए। बैठक में निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

## महापौर ने ताराचंद को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम के महापौर रामू रोहरा शोकसभा में शामिल हुए। उन्होंने स्व. ताराचंद लूनिया को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिजनों से भेंटकर उन्हें ढांढस बंधाया और अपनी गहन संवेदनाएं प्रकट कीं।

## उपसंचालक कृषि ने किसानों को खाद के संबंध में दी जानकारी

# डीएपी खाद की कमी पूर्ति के लिए वैकल्पिक उर्वरकों का किसान कर सकते हैं प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कांकेर



जिले में अच्छी वर्षा होने पर कृषि कार्य जोरों पर है। किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जितेन्द्र कोमरा ने बताया कि सहकारी समितियों में यूरिया 1348, डीएपी 411, एमओपी 1136, एसएसपी 1643 व एनपीके 629 मीट्रिक टन की उपलब्धता है। जिले में किसानों को डीएपी खाद की कमी पूर्ति के लिए अन्य वैकल्पिक खाद फास्फोरस एवं नत्रजन जैसे पोषक तत्वों का उपयोग करने की तकनीकी सलाह दी गई है। इसके अलावा किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी का भी छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि डीएपी एक ऐसी खाद है, जो भारत में नहीं बनती है। इसके लिए अन्य देशों से आयात पर निर्भर रहना पड़ता है और आयात सामान्य से कम हुआ है। ऐसी स्थिति में डीएपी खाद की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में नहीं हो रही है, यदि किसानों को डीएपी खाद नहीं मिलता है तो किसान इसके विकल्प के रुप में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा बताए गए अनुशंसित मिक्स खाद का उपयोग कर सकते हैं। किसान भाईयों को बेहतर फसल उत्पादन के लिए फास्फोरस एवं नत्रजन पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए अन्य उर्वरकों का उपयोग करने की तकनीकी सलाह दी। बताया कि धान की जल्दी पकने वाली व देशी किस्म के लिए 24 किलोग्राम नत्रजन, 16 किलोग्राम स्फूर एवं 8 किलोग्रामे म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति 52 किलोग्राम यूरिया, 100 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 13 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 50 किलोग्राम एनकेपीके, 39 किलोग्राम यूरिया या 80 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस, 18 किलोग्राम यूरिया एवं 13 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की जा सकती है, धान की किस्में दीर्घ अवधि 141 दिन से अधिक के लिए 32 किलोग्राम नत्रजन, 20 किलोग्राम स्फूर एवं 12 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति 70 किलोग्राम यूरिया, 125 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 20 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 62 किलोग्राम एनकेपीके 54 किलोग्राम यूरिया व 4 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 100 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस, 26 किलोग्राम यूरिया एवं 20 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की जा सकती है। धान की किस्में मध्यम अवधि 126-140 दिन के लिए 40 किलोग्राम नत्रजन, 24 किलोग्राम स्फूर एवं 16 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति 87 किलोग्राम यूरिया, 150 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 27 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 75 किलोग्राम एनकेपीके, 67 किलोग्राम यूरिया व 7 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 120 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस, 35 किलोग्राम यूरिया एवं 27 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की जा सकती है। मक्का हाईब्रिड किस्म के लिए 40 किलोग्राम नत्रजन, 24 किलोग्राम स्फूर एवं 16 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति 87 किलोग्राम यूरिया, 150 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 27 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 75 किलोग्राम एनकेपीके, 67 किलोग्राम यूरिया व 7 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 120 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस, 35 किलोग्राम यूरिया एवं किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश से की जा सकती है।

## मांडाभर्री में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया, छात्रों में दिखा उत्साह

बासनवाही। संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सोमवार को माध्यमिक शाला मांडाभर्री में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नरहरपुर उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य नरहरपुर पवन नेतम, कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच धनेश्वरी नेताम ने किया। अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी बालक बालिकाओं को तिलक वंदन लगाकर व शाला गणवेश प्रदाय कर मुंह मीठा कराते हुए विद्यालय प्रवेश कराया गया। संकुल स्तर पर वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले प्राथमिक माध्यमिक हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को मेडल तथा पेन कॉपी भेंट कर सम्मानित किया गया। संकुल स्तर पर बेस्ट टीचर अवार्ड का सम्मान दिनेश कुमार साहू सहायक शिक्षक मावलीपारा को संकुल स्तर से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा शिक्षा के बिना मानव जीवन का विकास संभव नहीं है। शिक्षा ही वह ज्ञान है जो मानव समाज की दशा और दिशा तय करती है, इसलिए बालक एवं अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा की 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को निरंतर स्कूल शिक्षा से जोड़े। कोई बच्चा साल त्यागी ना हो, अध्ययन त्यागी ना रहे। सभी बच्चों को शासन की ओर से निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के हित में विभिन्न प्रकार की स्कूली योजनाएं चलाई जा रही है, जो बच्चों के हित के अनुकूल है। मुख्य अतिथि के द्वारा शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के सम्मान में 1 हजार 500 रुपएकी राशि संकुल केंद्र को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सियाराम कोषमा, आत्माराम जैन, तामेश कुमार नाग, चंद्रभान मांडवी, तुलसी नेताम, कार्तिकराम पाण्डेय, दशरथ साहू, गैंदूराम साहू, सुखराम कुंजाम,संकुल प्राचार्य गया प्रसाद शोरी, मनीराम नेताम, प्रधानाध्यापक जगदीप भारती, प्रधान अध्यापक शंकर लाल नेताम, योग्यता सिंह ध्रुव, मेहतर कुंजाम, दिनेश कुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

राधा स्वामी ऑटोमोबाईल्स

राधा स्वामी ऑटोमोबाईल्स को आकर्षक वेतन में निम्न पदों की आवश्यकता है

| क्र. | विभाग | पद |
|---|---|---|
| 1. | ऑफिस मैनेजमेंट | 2 |
| 2. | टेली कालिंग (लड़की) | 2 |
| 3. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 2 |
| 4. | वर्कशॉप मैनेजर | 1 |

- संपर्क करें -
राधा स्वामी ऑटोमोबाईल्स
न्यू बस स्टैण्ड रोड, कुरूद 9300774444

## पेज 9 का शेष

### महाप्रभु जगन्नाथ भाई-बहन के साथ रथ पर सवार होकर मंदिर लौटे

रविकांत अग्रवाल, भक्तजन संजय अग्रवाल, दिलीप सोनी, प्रदेश अध्यक्ष गुजराती समाज प्रीतेश गांधी, महेंद्र पंडित, गोवर्धन सोनी, हरि कटारिया, राजेंद्र शर्मा, कुलेश सोनी, पिंटू यादव, संजय अग्रवाल, प्राजेंद्र लुंकड़, सूरज शर्मा, रवि शर्मा, अंसुल महावर, प्रजय महावर, सुनील सोनी, अनंत शाह, राम शर्मा, आकाश जसूजा, गोलू ठाकुर, कीर्ति शाह, सुल्ली गुप्ता, प्रतापराव कृदत्त, सूर्यप्रकाश अग्रवाल, राकेश चंदवानी, अनिल अग्रवाल, विजित सोनी, शंकर, दुष्यंत, तरूण अंबानी, योगेश गांधी, चिंटू गांधी, प्रदीप सोनी, देवेंद्र राजपुरिया, सुबोधसिंह ठाकुर, दिलीप गांधी, निर्मल बरड़िया सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## बंद पड़े नलकूपों की जल्द हो मरम्मत : कलेक्टर

# फ्लोरोसिस की रोकथाम व प्रबंधन के लिए हुई बैठक, पेयजल स्त्रोतों को चिन्हांकित कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कांकेर



कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में 8 जुलाई को फ्लोरोसिस की रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में जलस्त्रोतों में फ्लोराइड के स्तर पर चर्चा की गई।

कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिले के सभी फ्लोराइड प्रभावित स्त्रोतों में फ्लोराइड रिमूवल प्लांट (एफआरपी) लगाने तथा बंद पड़े नलकूप की शीघ्र मरम्मत करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही ऐसे ग्रामों और जल स्त्रोतों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए, जहां पानी में फ्लोराइड का स्तर अधिक व नुकसानदायक हो।कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक के उपरांत आयोजित अंतर्विभागीय बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस एक जन स्वास्थ्य लोक स्वास्थ्य समस्या है, यह लंबे समय तक पेयजल, खाद्य उत्पादों एवं औद्योगिक प्रदूषकों के माध्यम एवं फ्लोराइड के अत्यधिक सेवन के कारण होता है, जिसके चलते दंत फ्लोरोसिस, स्केलेटल फ्लोरोसिस एवं नान-स्केलेटल फ्लोरोसिस जैसी प्रमुख स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां होती हैं। जब फ्लोराइड के स्तर में अत्यधिक वृद्धि होती है, तो यह दांतों और हड्डियों में विकृति, दर्द और हड्डियों के कमजोर होने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। फ्लोरोसिस की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिले के प्रभावित 20 ग्राम पंचायतों में संबंधित विभाग के समन्वय से सर्वेक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। साथ ही चिन्हांकित 52 स्कूलों में फ्लोराइड नियंत्रण पोषण वाटिका तैयार किया जा रहा है। फ्लोरोसिस एक गैर संचारी रोग है, इसके नियंत्रण हेतु खान-पान में बदलाव, नियमित रूप से चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार, फिजियोथेरेपी उपचार से नियंत्रण किया जा सकता है। साथ ही पूरक खुराक विटामिन सी एवं डी, एंटी ऑक्सीडेंट, कैल्सियम जैसे पोषक तत्वों का सेवन करना चाहिए।

इस पर कलेक्टर ने फ्लोरोसिस के रोकथाम, निदान और प्रबंधन के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे गांवों और पेयजल स्त्रोतों को चिन्हांकित कर सूची उपलब्ध कराएं, जहां पानी में फ्लोराइड की मात्रा सामान्य से अधिक है। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्रों के स्कूलों एवं बच्चों सहित समुदाय में फ्लोरोसिस की जांच करने हेतु सीएमएचओ को निर्देशित किया, जिससे मरीजों का चिन्हांकन कर समय पर उनका समुचित उपचार किया जा सके। बैठक में डीएफओ हेमचंद पहारे, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पंचायत उन्नयन सूचकांक पर हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

**कांकेर।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज सर्व संबंधित लाइन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों का पंचायत उन्नयन सूचकांक के संबंध में कार्यशाला आयोजित किया गया। इसमें संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी व मैदानी कर्मचारियों को पंचायत उन्नयन सूचकांक के संबंध मे जिला नोडल अधिकारी कमल सिदार उप संचालक पंचायत एवं जिला समन्वयक आशीष ठाकुर के द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान अवगत कराया गया की सतत विकास लक्ष्यों को 2030 तक प्राप्त करने हेतु भारत सरकार पंचायत राज मंत्रालय द्वारा सतत विकास लक्ष्यों के आंकलन के उद्देश्य से पंचायत उन्नयन सूचकांक (पीएआई 2.0) का निर्माण किया गया है। पीएआई एक बहुआयामी मूल्यांकन सूचकांक है, जिसके माध्यम से एलएसडीजी के 9 थीम से संबंधित लोकल इंडिकेटर की गणना करते हुए, पंचायतों के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रगति मापी जा सकती है। उक्त कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी द्वारा पंचायत उन्नयन सूचकांक के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को चरणबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से आवश्यक कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया गया।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय

नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

## खबर संक्षेप

### जल संरक्षण और हरियाली के लिए कोयलीबेड़ा में पौधारोपण



**पखांजुर।** मोर गांव मोर पानी कार्यक्रम के तहत 7 जुलाई को जनपद पंचायत अध्यक्ष श्यामबती मांडवी, उपाध्यक्ष मंजू सरदार, सीईओ जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा उदय कुमार नाग के द्वारा ग्राम पंचायत चाणक्यपुरी और हरनगढ़ के स्कूलों में पौधारोपण किया। ग्रामीणों के घरों में सोखता गड्ढे बनाए जा रहे हैं, आवास योजना के लाभार्थियों के घरों में वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की जा रही है और बड़े पैमाने पर पौधारोपण का कार्य भी प्रगति पर है। इस अवसर पर मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी बालकिशन बंजारे, श्यामल चंद्र डे, प्रियंका नरेटी व अन्य उपस्थित रहें।

### औषधीय गुणों से युक्त पौधों का किया रोपण



**कोरर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोरर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जिसमें फलदार, छायादार, औषधीय गुणों से युक्त पौधे रोपे गए। ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, ओजोन परत में छिद्र जैसे घटना कोकम करने के उद्देश्य से संस्था के प्रभारी प्राचार्य जनक राम कोमरा के मार्गदर्शन विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता अनुपम जोफर, एनसीसी प्रभारी दुष्यंत सोनकर, कुंज बिहारी रामटेके, रेडक्रास प्रभारी हुमा पिस्दा, स्काउट गाइड प्रभारी यामिनी मरकाम एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### चार पहिया वाहन की टक्कर से पिता व बेटी घायल

**कांकेर।** मेन रोड बोगरनाला के पास अज्ञात वाहन के चालक ने मोटर सायकल में सवार पिता व बेटी को सामने से जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई। घायलों को निजी वाहन की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बेहतर इलाज के लिए उन्हें हायर सेंटर रिफर किया गया। दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।
चौकी कच्चे अंतर्गत पुजारीपारा कलंगपुरी निवासी 37 वर्षीय दिनेश नरेटी पिता बैसाखू राम नरेटी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं।

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योतिर्लिंग के विद्वान पंडितो के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
9993157703, 8319628583
9340292572, 9589261876

online Booking:-www.tripuryatra.com
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने टीएल मीटिंग में अधिकारियों को दिए निर्देश

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राशन-दवाई की पर्याप्त व्यवस्था रखें





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने टीएल मीटिंग में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और इनका जल्द निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने बरसात के मौसम को ध्यान में रख जलभराव वाले क्षेत्र का लगातार निरीक्षण करने और पानी निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने ऐसे क्षेत्र जो बारिश के दिनों में जिला मुख्यालय से कट जाते हैं वहां राशन, दवाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इसके साथ ही बाढ़ और उफनते हुए नालों के पास रेस्क्यू टीम को मुस्तैद से काम करने और पर्यटन क्षेत्रों में नगरसैनिकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले के डायरिया वाले क्षेत्रों की जानकारी ली और मौसमी बीमारियों की जांच करने कहा।

उन्होंने इन क्षेत्रों में जलस्त्रोतों और पीने के पानी की जांच करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने अस्पताल के जर्जर भवनों की जानकारी ली और नये भवनों के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सिकलसेल स्क्रीनिंग करने और टीबी के मरीजों के लिए ज्यादा से ज्यादा निक्षय मित्र बनाने भी कहा।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने तालाबों के नजदीक संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का विशेष ध्यान रखने कहा, ताकि किसी तरह की घटना घटित न हो। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती बच्चों की जानकारी ली। कुपोषित और मध्यम कुपोषित बच्चों की एंट्री सही-सही करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए। उन्होंने जिले में कुपोषण दर में कमी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने जिले में संचालित छात्रावासों की जानकारी ली और जिला स्तरीय अधिकारियों को नियमित रूप से छात्रावासों का निरीक्षण कर पालन-प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कन्या छात्रावास में पुरूष का प्रवेश न हो इसका ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। छात्रावासों में रहने वाले बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने छात्रावास भवनों में शौचालय, पानी, दरवाजे, खिड़की आदि का निरीक्षण करने कहा। किचन, बेड की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

### जर्जर भवनों में स्कूल संचालित न करें

कलेक्टर श्री मिश्रा ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रख जर्जर भवनों में स्कूल संचालित नहीं करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों के भवन जर्जर हो चुके हैं, उनकी मरम्मत होने तक स्कूल अन्यत्र भवन में संचालित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित आंगनबाड़ियों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश सुपरवाईजरों को दिए।

### नारी में श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई

**सिर्री।** ग्राम नारी में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण किया गया। इस अवसर पर थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल ने बताया कि डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी व शिक्षाविद थे। श्री मुखर्जी ने 1917 में मेट्रिक तथा 1921 में बीए की परीक्षा पास की। 1923 में लॉ की उपाधि अर्जित करने के पश्चात विदेश चले गए। 1926 में इंग्लैंड से बैरिस्टर बनकर स्वदेश लौटे। अपने पिता का अनुकरण करते हुए उन्होंने अल्पायु में ही विद्या अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रवाद के प्रखर समर्थक रहे।

# किसान जवान संविधान जनसभा में जिले के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए

- लगातार बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ : लोहाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा नेताप्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में किसान जवान संविधान जनसभा का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश सहित धमतरी जिले के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना सहित जिले के समस्त वरिष्ठ नेताओं की बैठक लेकर आवश्यक दिशा - निर्देश दिए थे।

जिला अध्यक्ष शरद लोहाना ने कार्यक्रम को सफल बनाने लगातार स्थानीय नेताओं के साथ बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया। धमतरी जिले से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सुनने पहुंचे। श्री लोहाना ने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के आयोजन पर महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जिले के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

श्री लोहाना ने आगे कहा कि लगातार बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कम नहीं हुआ। कार्यकर्ताओं का पार्टी के प्रति जुनून ही था कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जैन संतों का प्रवचन सुनने उमड़ रहे समाजजन

# ज्ञानी भगवंत संसार की वस्तुओं को केवल एक साधन मानते हैं : प्रशम सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





चातुर्मास के लिए जैन मुनियों का नगर में मंगल प्रवेश हुआ। श्री पार्श्वनाथ जिनालय में जैन मुनियों का प्रवचन जारी है। जैन मुनि प्रशम सागर ने प्रवचन के माध्यम से बताया कि श्रावक किसे कहते हैं। जो जिनशासन को मानता है जो परमात्मा की वाणी पर श्रद्धा रखते हैं उसे श्रावक कहते हैं। श्रद्धा, विवेक और क्रिया जिसके जीवन में आ जाता है, उसे सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र प्राप्त हो जाता है। वह श्रावक कहलाता है।

संसार में बड़े से बड़े पदों को प्राप्त करना सरल है जबकि परमात्मा का श्रावक बनना बहुत कठिन है। वास्तव में श्रावक वह होता है जिसकी दिशा वही है जो दिशा पंच परमेष्ठि की है। अर्थात परमात्मा के दिशा की ओर हमारी भी दिशा हो वहीं श्रावक होने की योग्यता रखता है। अगर हमारी और परमात्मा की दिशा एक हो जाए तो अंत में दशा भी एक हो सकती है अर्थात हम भी कभी न कभी परमात्मा बन सकते हैं। हम संसार की वस्तुओं में सुख खोजने का काम करते हैं जबकि ज्ञानी भगवंत संसार की वस्तुओं को केवल एक साधन मानते हैं जिसकी सहायता से हम संसार को कम भी कर सकते हैं और बढ़ा भी सकते हैं। चातुर्मास काल हमारे लिए एक सुअवसर लेकर आया है।

इस अवसर का हमें ऐसा लाभ उठाना है कि जिनवाणी और जिनेश्वर परमात्मा हमारे अंतरहृदय में श्रद्धा हो जाए और हम भी भगवान महावीर के एक अच्छे और सच्चे श्रावकों की गिनती में आ सके। बागवान महावीर के हजारों श्रावक थे लेकिन नाम केवल 10 श्रावकों का लिया जाता है। इसका कारण यह कि उन 10 श्रावकों का आचरण श्रेष्ठ था। वास्तव में जिस दिन वहीं आचरण हमारे जीवन में भी आ जाएगा उस दिन हम भी एक श्रेष्ठ श्रावक बन जाएंगे। एक सच्चा और अच्छा श्रावक जीवन में आत्मविकास के मार्ग पर चलकर परम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। एक सच्चा श्रावक अपनी आत्मा को पहचान सकता है।

# दस सूत्रीय संवैधानिक मांगों के लिए दिखाई एकजुटता

- अजजा शासकीय सेवक संघ की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ जिला शाखा की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय वीर भवन रुद्री में जिला अध्यक्ष गेवाराम नेताम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 10 सूत्रीय संवैधानिक मांगों के लिए रायपुर में किए गए आंदोलन के संदर्भ में समीक्षा की गई। आगामी कार्य योजना, सदस्यता अभियान एवं विश्व आदिवासी दिवस भखारा तहसील में मनाने में संघ की सहभागिता पर चर्चा की गई। जिला कोषाध्यक्ष विष्णु सिदार ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया।

जिलाध्यक्ष गेवाराम नेताम ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रांतीय इकाई ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर सकारात्मक चर्चा की। उपमुख्यमंत्री एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री ने पदाधिकारियों को भरोसा दिलाया कि पदोन्नति में आरक्षण सहित अन्य मांगों के लिए मुख्यमंत्री को अनुशंसा भेजकर अगली कैबिनेट की बैठक में इस विषय पर चर्चा की जायेगी।

पदाधिकारियों ने अपनी 10 सूत्रीय संवैधानिक मांगों के लिए एकजुटता तथा जिला स्तरीय 10 जुलाई की परामर्श दात्री बैठक में पूर्व से दिए गए एजेंडे पर प्रमुखता से बात रखने की सहमति जताई है। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष विष्णु सिदार, सचिव उदय नेताम, जिला पदाधिकारी गण नरेंद्र चंद्रवंशी, कृष्णाराम मरकाम, तहसील धमतरी उपाध्यक्ष दौलत राम ध्रुव, महासचिव गौतम पोटाई, कोषाध्यक्ष टीकम सिंह ध्रुव, टीकाराम कुंजाम, कलाराम गंगेश, जितेंद्र नेताम, चमेली नेताम, तहसील भखारा अध्यक्ष ईश्वर ध्रुव, लीलेश्वर ग्वाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# राज्यस्तरीय बॉक्स क्रिकेट का छाया रोमांच

- क्रिकेट के इस तेज स्वरूप को धमतरी के खिलाड़ियों ने भी तेजी से अपनाया : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






मानसून कप 2025 के तीसरे दिन का मैच भी बारिश में भी बिना रुके चलता रहा। हर मुकाबले में रोमांच देखने को मिल रहा है। पहला मुकाबला रोहित 11 वर्सेस निखिल 11 के बीच खेला गया। टॉस जीतकर रोहित 11 ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। निखिल 11 ने निर्धारित 6 ओवर में 24 रन बनाये और जीत के लिए रोहित इलेवन की टीम को 25 रनों का लक्ष्य दिया। इस रोमांचक मुकाबले में रोहित इलेवन की टीम विजयी रही।

दूसरा मुकाबला इवनिंग क्लब वर्सेस एनएस फाइटर के बीच खेला गया जिसमें एनएस फाइटर ने बल्लेबाजी करते हुए 37 रन 6 विकेट के नुकसान में बनाए। जवाब में इवनिंग क्लब ने मात्र तीन ओवर में यह मुकाबला अपने नाम कर दिया। इसके पश्चात सेकंड राउंड का तीसरा मुकाबला टर्फ टाइटंस और रॉयल स्ट्राइकर के बीच हुआ। टर्फ टाइटंस टाइटन पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 46 रन बनाये और रॉयल्स स्ट्राइकर की टीम को 38 रन पर ही समेटकर चार विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। चौथा मुकाबला यंग स्टार वर्सेस वायएमसी गोल बाजार के बीच खेला गया। टॉस जीतकर वायएमसी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 6 ओवर में मात्र 20 रन बनाए। इसके जवाब में यंग स्टार की टीम ने 1.2 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया।

सेकंड राउंड का पांचवा मुकाबला रेड टाइगर रायपुर वर्सेस इवनिंग क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टाइगर की टीम ने 49 रन 5 विकेट खोकर बनाए। जवाब में इवनिंग क्लब मात्र 26 रन बना पाए। इसी तरह रेड टाइगर की टीम ने 23 रनों से यह मुकाबला अपने नाम किया। तीसरे दिन का अंतिम मुकाबला गौरांश सुपर सेवन वर्सेस एनएस जूनियर के बीच खेला गया। एनएस जूनियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 रन 7 विकेट खोकर बनाए। इसके जवाब में गौरांश सुपर 7 की टीम 29 रन ही बना पाई और इसी तरह एनएस जूनियर ने यह मुकाबला 11 रनो से अपने नाम किया।

आयोजन के संरक्षक पं राजेश शर्मा ने कहा कि बॉक्स में क्रिकेट खेलना अलग ही अनुभव है, धमतरी ने इस फ़ास्ट क्रिकेट को फास्ट फारवर्ड तरीके से अपना लिया है। धमतरी की भावी क्रिकेट टीम का भविष्य बहुत उज्ज्वल होने वाला है।

# शुल्क वृद्धि के खिलाफ एनएसयूआई ने बोला हल्ला

- 48 घंटे का दिया अल्टीमेटम नहीं मानी मांग तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शासकीय वेदव्यास महाविद्यालय भखारा में इस शैक्षणिक सत्र में मनमाने ढंग से की गई शुल्क वृद्धि के खिलाफ एनएसयूआई ने मोर्चा खोल दिया है। पूर्व वर्षों की तुलना में इस बार फीस को लगभग दोगुना कर दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में असंतोष है। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह वृद्धि छात्रहित के विपरीत है। यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित शासकीय शुल्क के अलावा किसी भी प्रकार की अनियमित और मनमानी वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एनएसयूआई ने कॉलेज प्रबंधन को 48 घंटे का समय दिया है। यदि इस अवधि में शुल्क वृद्धि निरस्त नहीं की गई और जिन छात्रों से अतिरिक्त शुल्क वसूला गया है, उन्हें राशि वापस नहीं की गई, तो एनएसयूआई चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत करेगी।

पिछले वर्ष जहां जनभागीदारी शुल्क 750 था, वहीं इस वर्ष उसे 950 रूपए कर दिया गया है। साथ ही,अशासकीय शुल्क 612 से बढ़ाकर 1287 वसूला जा रहा है जबकि जिले के अन्य महाविद्यालयों जैसे बीसीएस पीजी कॉलेज में जनभागीदारी शुल्क महज 400 रूपए लिया जा रहा है। इस दौरान राजा देवांगन के साथ विधानसभा अध्यक्ष लोकेश साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ पाल, तेजप्रताप साहू, नोमेश सिन्हा, देवेंद्र सिन्हा, पूरन सोनी, हार्दिक साहू, पुष्पेंद्र साहू, आदित्य बघेल, शेखर, समीर मानिकपुरी, मयंक कोसरे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नालियों से मलबा हटाने, स्ट्रीट लाइट की मंद रोशनी से निजात दिलाने की मांग

**धमतरी।** अठवानी गली में बाईपास में 30 फीट रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। इससे राहगीरों को राहत मिलेगी। पूर्व पार्षद धर्मेंद्र लोढ़ा, महेंद्र खंडेलवाल, इकबाल खोखर, अशोक वाधवानी, अजय जैन, आशीष शर्मा ने महापौर रामू रोहरा से मुलाकात कर निर्माण कार्य के आभार जताया। साथ ही अठवानी गली टेऊंराम नगर की नालियों से मलबा हटाने, खंबे की स्ट्रीट लाइट की मंद रोशनी, फ़ागिग मशीन से मच्छरों से निजात दिलाने की मांग रखी। महापौर ने सभी बातों को संज्ञान लेते हुए कहा कि जल्द ही इन समस्याओं से वार्डवासियों को राहत मिलेगी।



## झिरिया में गुरु पूर्णिमा पर होंगे कई कार्यक्रम

**धमतरी।** गायत्री परिवार प्रज्ञा मंडल झिरिया द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 10 जुलाई गुरुवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिसमें गुरु पूजन, यज्ञ, विविध संस्कार सहित गुरु महिमा पर चर्चा होगी। साथ ही एक शाम गुरुदेव के नाम पर विशेष सत्र का भी आयोजन होगा। आचार्य युग पुरोहित नारायण महाराज धमतरी होंगे। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील गायत्री प्रज्ञा मंडल के प्रहलाद सिन्हा, प्रेमलाल बाघमार, डोमन चंद्राकर, जितेंद्र पटेल ने की है।



हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
| --- | --- |
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

- दवाई मिलने का स्थान -
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज